# HAMIRPUR POLICE

सड़क सुरक्षा माह दिनांक-04.02.2023

## सड़क सुरक्षा माह -2023 के अंतर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान एवं जनपद पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

1) शासन द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में दिनांक 05.01.2023 से 04.02.2023 तक जनपद हमीरपुर मे सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। जिसके क्रम मे दिनांक 05.01.2023 को श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय हमीरपुर द्वारा कलेक्ट्रेट हमीरपुर में सड़क सुरक्षा माह -2023 का उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, यातायात के नियमों के सम्बन्ध मे छात्र-छात्राओं व स्थानीय जनता को जागरुक करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी साथ ही जागरुकता सम्बन्धित पम्फलेट वितरित किये गये।

2) सड़क सुरक्षा माह के क्रम मे जनपद के 53 स्कूलो/ कालेजों में जाकर लगभग-10,000 बच्चों को यातायात नियम के बारे में समस्त जानकारियां दी गयी तथा बच्चों के द्वारा स्कूल में नुक्कड नाटक रैली का आयोजन कराकर यातायात नियमों व सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के बारे में जानकारियां प्रदान की गयी तथा लोगों को पूरे माह अभियान चलाकर जागरूक किया गया।

3) एन0सी0सी0 कैडेट्स व स्काउट के बच्चों के द्वारा भी सड़क पर रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया।

4) स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हैल्थ कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें **कुल 130 वाहन चालकों**/परिचालकों/यातायात पुलिस कर्मियों/प्रवर्तन सिपाहियों/स्कूली वाहन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परिक्षण कराया गया।

5) जनपद अन्तर्गत ई-रिक्शा/ऑटो रिक्शा/बस व टैक्सी के चालकों को बुलाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

6)कुल-75 ट्रैक्टर चालकों को भीड में ट्रैक्टर चलाने हेतु प्रशिक्षित किया गया तथा जनपद के समस्त मण्डी समिति में जाकर ट्रैक्टर टॉलियों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये।

7) परिवहन विभाग/प्रवर्तन विभाग के सहयोग से कुल 22 रोडवेज के चालकों को यातायात के बारे में जानकारी दी गयी तथा स्वास्थ्य एवं नेत्र परिक्षण कराया गया।

8) दिव्यांगजनों को पुलिस लाइन में आमंत्रित कर एआरटीओ हमीरपुर, एआरएम हमीरपुर, यातायात पुलिस हमीरपुर के द्वारा यातायात सम्बन्धित तथा ड्राईविंग लाइसेन्स व अन्य प्रावधानों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कराई गयी तथा उनकी समस्या का निराकरण किया गया।

9) दिनांक 23.01.2023 को श्रीमान जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक महोदय हमीरपुर के नेतृत्व मे कोतवाली से कुरारा सहित जनपद के समस्त थानों मे मानव श्रंखला का आयोजन कर लोगों को यातायात के नियमों के सम्बन्ध मे जागरुक करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी।

10) दिनांक 03/02/2023 को जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व मे कस्बा राठ मे स्थानीय पुलिस व स्थानीय व्यापारियों व जनता के लोगों के साथ यातायात जागरुकता रैली निकालकर जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया।

11) आज दिनांक 04/02/2023 को सड़क सुरक्षा माह के समापन के अवसर पर जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा कलेक्ट्रेट हमीरपुर मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनता को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया।

# जनपद अंतर्गत **सड़क सुरक्षा माह -2023** में की गई कार्यवाही का कुल विवरण।

| | |
|---|---|
| **कुल वाहन चेक किये गए** | **8,172** |
| **कुल चालान की संख्या** | **5,446** |
| **जुर्माना** | **52,05,000 (बावन लाख पाँच हजार रुपये)** |
| सीज वाहन की संख्या | 09 |
| **बिना हेलमेट** | **2381** |
| **बिना शीट बेल्ट** | **169** |
| **गलत दिशा में वाहन चलाने पर** | **1485** |
| **तीन सवारी मोटरसाइकिल** | **417** |
| शराब पीकर वाहन चलाने पर | 15 |
| वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर | 16 |
| वाहन हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने पर | 12 |
| **बिना लाइसेंस** | **685** |

साथ ही जनता के लोगो से भी अपील है यातायात व्यवस्था को और अधीक सुगम बनाने मे आप लोग सहयोग करें साथ ही अपेक्षा है कि आप सभी अपने पारिवारिकजनों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरुक करेंगे।